यूपी में देश के 55% मोबाइल फोन बन रहे : योगी

नोएडा, विशेष संवाददाता। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि देश में इस्तेमाल होने वाले मोबाइलों का 55 प्रतिशत फोन उत्तर प्रदेश में बन रहे। इसमें भी गौतमबुद्ध नगर जिला सबसे आगे है। सैमसंग इंडिया ने अपना डिस्प्ले यूनिट प्लांट भी नोएडा में लगाया है।

मुख्यमंत्री ने ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में सेमीकॉन इंडिया-2024 के उद्घाटन समारोह में कहा कि गौतमबुद्ध नगर डाटा सेंटर का बड़ा हब बन रहा है। सेमीकंडक्टर का भी बड़ा केंद्र उत्तर प्रदेश बनेगा। यहां पर अपनी इकाईयां लगाने के लिए विभिन्न कंपनियों के प्रस्ताव आए हैं। इन कंपनियों ने जमीन की मांग की है। सरकार की ओर से उद्यमियों को पूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि आईटी इंडस्ट्री को उद्योग का दर्जा देने का निर्णय लिया है, ताकि आईटी कंपनियों को सस्ती दरों पर भूमि दी जा सके। 150 किलोवाट तक सभी आईटी कंपनियों को औद्योगिक दरों पर विद्युत आपूर्ति की जा सके। इसके साथ ही उद्यमियों की सुविधा के लिए सेमीकंडक्टर, आईटी, आईटीएस, डाटा सेंटर, डिफेंस और एरो स्पेस, हाउसिंग और लॉजिस्टिक आदि से संबंधित 27 पॉलिसी प्रदेश में लागू हैं।

उद्यमियों को ऑनलाइन सेवाएं मिल रहीं: मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्यमियों की सुविधा के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए सिंगल विंडो के माध्यम से 450 से अधिक ऑनलाइन सेवा संचालित हो रही हैं। इनका लाभ उद्यमी उठा रहे हैं। उन्हें पूरे प्रदेश में सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है। इसका प्रमाण है कि यहां पर लगातार निवेश बढ़ रहा है।

निवेशकों को सुविधाएं देने का भरोसा: योगी ने ग्लोबल लीडर्स और इन्वेस्टर्स के साथ मुलाकात भी की। उन्होंने इन्वेस्टर्स को प्रदेश में सुरक्षित निवेश के साथ-साथ हर तरह की सुविधाएं प्रदान करने का भरोसा दिया। वहीं, इन्वेस्टर्स ने भी इस इवेंट को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने उत्तर प्रदेश को निवेश का बेहतरीन गंतव्य करार दिया। देशी और विदेशी दोनों इन्वेस्टर्स ने माना कि भारत में सेमीकंडक्टर का काफी स्कोप है और भारत सेमीकंडक्टर का बड़ा हब बन सकता है।

जिले में पहला सेमीकंडक्टर पार्क बन रहा : यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में प्रदेश का पहला सेमीकंडक्टर पार्क विकसित किया जा रहा है। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के सेक्टर-28 में टार्क कंपनी ने 125 एकड़ और सेक्टर-10 में भारत सेमी सिस्टम, कीन्स सेमीकॉन ने 50-50 एवं वामा सुंदरी और एडिटेक सेमीकंडक्टर प्राइवेट लिमिटेड ने 100-100 एकड़ जमीन की मांग प्राधिकरण से की है।

इंडिया एक्सपो मार्ट

- सेमीकॉन इंडिया 2024 के उद्घाटन समारोह को संबोधित किया
- यूपी के मुख्यमंत्री योगी ने गौतमबुद्ध नगर की उपलब्धियां भी बताई
- सैमसंग इंडिया ने अपना डिस्प्ले यूनिट प्लांट भी नोएडा में लगाया

वर्ष 2017 के बाद उत्तर प्रदेश में निवेश बढ़ा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में कोई निवेश नहीं करना चाहता था। आज यहां निवेश के ढेर लगे हैं। प्रदेश में कानून का राज है। निवेश के अनुकूल नीतियां हैं। व्यापार के अनुरूप वातावरण है। इसके चलते आज हर कोई उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आना चाहता है। वर्ष 2017 में जब हम इन्वेस्टर्स समिट की योजना तैयार कर रहे थे तो हमें कहा गया कि सिर्फ 20 हजार करोड़ रुपये तक का निवेश संभव हो सकेगा। हालांकि, पिछले वर्ष ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव मिला। इसमें से इसी वर्ष फरवरी तक 10 लाख करोड़ रुपये तक के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने में सफलता मिली।